एक नजर में

नशा मुक्ति जनजागरण अभियान- बंदियों से लेकर छात्रों तक को किया गया जागरूक

आलीराजपुर। जिले में संचालित नशा मुक्ति जनजागरण अभियान दिन-प्रतिदिन व्यापक प्रभाव डाल रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिला जेल, आलीराजपुर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बंदियों और जेल कर्मचारियों को नशे के दुष्प्रभावों और उससे जुड़े अपराधों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान जेल अधीक्षक एस. बी. शरण ने सभी उपस्थित जनों को नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति को मानसिक और शारीरिक रूप से क्षतिग्रस्त करता है, बल्कि सामाजिक अपराधों का भी प्रमुख कारण बनता है। इसी क्रम में स्वामी विवेकानंद स्कूल में भी जिला खेल अधिकारी द्वारा विद्यार्थियों के बीच संवाद स्थापित कर नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। छात्रों को भी नशा न करने और समाज में नशा उन्मूलन के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जेल अधीक्षक श्री एस. बी. शरण, जिला खेल अधिकारी, जेल स्टाफ तथा बड़ी संख्या में बंदी गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक नशा मुक्ति का संदेश पहुंचाना और एक स्वस्थ व सुरक्षित वातावरण का निर्माण करना है।

जरूरतमंदों को हर अमावस्या पर अन्नदान

पेटलावद। परम पूज्य गुरूदेव डॉ. दादू महाराज की प्रेरणा और मार्गदर्शन से नगर में डॉ. दादू जी महाराज संस्थान पेटलावद के द्वारा प्रतिएक अमावस्या पर जरूरतमंद लोगों को अन्नदान करने का संकल्प लिया और इस संकल्प की सिद्धी के लिए इस अमावस्या से अन्नदान प्रारंभ भी कर दिया। 24 जुलाई की शाम 6 .30 बजे श्री राम मंदिर राम मोहल्ला पेटलावद पर सर्वप्रथम भगवान की महाआरती का आयोजन कर महाप्रसादी के रूप में खीचडी का वितरण किया गया। गुरूदेव की कृपा दृष्टि से यह क्रम प्रतिएक अमावस्या पर सतत जारी रहेगा। जिसके लिए सभी सदस्यों ने सहयोग का संकल्प लिया। इस अवसर पर राम मोहल्ला अखाडा दल के सदस्यों ने अखाडे का प्रदर्शन भी किया। इस मौके पर कमला बुआ, मंदिर के पुजारी पं. पीयूष जोशी, अशोक वर्मा, सुभाष वर्मा, वीरेंद्र भट्ट,हरिश राठौड, मनोज पुरोहित, अर्जुन ठाकुर, दीपक राठौड, पीयूष राठौड़ प्रणय वर्मा ओ पी मालवी मनीष चौहान बलराम राठौड,खुशाल हिहोर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिलेभर के 30 से अधिक बूथों पर सुना मन की बात,

मोदी ने 'वोकल फॉर लोकल' को बताया आत्मनिर्भर भारत का आधार

आलीराजपुर । भारतीय जनता पार्टी मंडल आलीराजपुर द्वारा रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 124वें 'मन की बात' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिले के 30 से अधिक मतदान केंद्रों पर सुनाया गया। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर एकत्र होकर प्रधानमंत्री के विचारों को सुना और आत्मसात किया। कैबिनेट मंत्री नागरसिंह सिंह चौहान और सांसद अनीता चौहान ने विद्यार्थियों के बीच पहुंचकर संवाद किया, वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष तथा मंडल अध्यक्ष गिरिराज मोदी ने कार्यकर्ताओं और नागरिकों के साथ मिलकर कार्यक्रम देखा। मंडल अध्यक्ष गिरिराज मोदी ने जानकारी दी कि बूथ क्रमांक 53, 55, 56, 66 से लेकर 84 और 98 सहित 30 से अधिक बूथों पर 'मन की बात' का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में 'वोकल फॉर लोकल' को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। मंडल मीडिया प्रभारी चिराग थेपड़िया ने बताया कि इस विशेष अवसर पर सांसद अनीता चौहान, जिलाध्यक्ष संतोष परवाल, मंडल अध्यक्ष गिरिराज मोदी, विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता, मंडल महामंत्री राजेश गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष निलेश (पप्पू) जैन, पूर्व नपा अध्यक्ष रितेश डावर, पार्षद राजू शाह, जिला मीडिया प्रभारी हितेंद्र शर्मा, राकेश सेन, मोहम्मद हुसैन पाकीजा, भानु प्रताप बाहेती, माधु सिंह कनेश, वरिष्ठ नेता अशोक ओझा, प्रताप सिंह सिसोदिया, मंडल उपाध्यक्ष मुकेश बारेला, अभिषेक गेहलोत, प्रदीप जमरा, हिमांशु चंदेल, दीपक परिहार, अक्षय गुप्ता सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस कार्यक्रम ने न केवल प्रधानमंत्री के विचारों को जन-जन तक पहुंचाया, बल्कि कार्यकर्ताओं और नागरिकों में आत्मनिर्भर भारत की भावना को भी मजबूत किया।

उपचुनाव में कनाश सरपंच विजय रहे प्रमाणपत्र सौंपा

गंधवानी निप्र गंधवानी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कोटा में सरपंच के निधन के बाद उपचुनाव हुए थे यहां पर 26 जुलाई को चुनाव के लिए मतगणना जनपद पंचायत कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में की गई जिसमें ग्राम पंचायत में उपचुनाव में 662 वोट लेकर 126 मतों से दीतू सिंह कनाश विजय हुए साथ ही यहां पर दूसरे उम्मीदवार बहादुर सिंह को 536 मत मिले अन सिंह जमरा को 29 और हीरा सिंह अजनारिया को 22 मत हासिल हुए वहीं 17 मत नोटा में गए विजेता रहे प्रत्याशी दीतू कनाश को रिटर्निंग अधिकारी सरिता गामड़ सहायक रिटर्निंग अधिकारी राधा डावर तहसीलदार मुकेश मालवीय पंचायत इंस्पेक्टर गोविंद सिंह निगवाल पीसीओ छगन जमरा भूरसिंह जमरा मुकेश राठौड भरत भार्गव और मौजूद निर्वाचन से जुड़े अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा प्रदान किया गया यहां पर मतगणना शांतिपूर्ण संपन्न हुई। सरपंच विजय होने के बाद दीतू कनाश को ग्राम वासियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी.

एलएन एकेडमी खैरोद में लगा नशा मुक्ति शिविर

नागदा । एल.एन. एकेडमी खैरोद में थाना सादलपुर द्वारा नशा मुक्ति अभियान शिविर लगाया मुख्य वक्ता सविता चौधरी थाना प्रभारी, प्रेमचंद वर्मा उप-निरीक्षक, आरएस परमार उप-निरीक्षक, अमर सिंह जादव सैनिक सादलपुर मौजूद थे। स्वागत स्कूल संचालक कपिल यादव, ऋषभ यादव, सह संचालक शिवकरण यादव, व स्कूल प्राचार्य श्रवण कुमार सिंह ने पुष्पमाला वपहनाकर किया। थाना प्रभारी सविता चौधरी ने अपने उद्बोधन में बच्चों से कहा पूरी दुनिया मादक द्रव्यों की लत के खतरे से जूझ रही है, जिसका व्यसनी, व्यक्ति, परिवार-समाज के एक बड़े वर्ग पर विनाशकारी प्रभाव पड़ता है। प्रेमचंद वर्मा उपनिरीक्षक सादलपुर ने विद्यार्थियों को प्रतिज्ञा दिलवाई कि देश की इस चुनौती को स्वीकार करते हुए हम आज नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत एकजुट होकर प्रतिज्ञा करते हैं कि न केवल समुदाय, परिवार, मित्र, बल्कि स्वयं को भी नशामुक्त कराएँगे क्योंकि बदलाव की शुरुआत अपने आप से करें। इसलिए आइए हम सब मिलकर जिले धार राज्य मप्र को नशामुक्त कराने का दृढ निश्चय करें।

प्रेमजाल में फंसाकर अपहरण व फिरौती मामले का 24 घंटे में पर्दाफाश

सरदारपुर पुलिस की त्वरित कार्रवाई

सरदारपुर । पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर एवं एसडीओपी सरदारपुर विश्वदीप सिंह परिहार के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी रोहित कछावा के नेतृत्व में सरदारपुर पुलिस ने एक सनसनीखेज अपहरण व फिरौती मांगने के मामले का सफलतापूर्वक 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

25 जुलाई 25 को फरियादी भरत पंवार, उम्र 57 वर्ष, निवासी लुनियापुरा, महू, द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उन्हें एक महिला और उसके साथियों द्वारा प्रेमजाल में फंसा कर अपहरण किया गया, मारपीट की गई और ?12 लाख की फिरौती की माँग की गई।

फरियादी पिछले कुछ दिनों से ज्योति उर्फ च्देवास वालीज नामक महिला से संपर्क में थे। 24 जुलाई 25 को वे महिला से मिलने धार पहुँचे, जहाँ उन्हें होटल ले जाया गया। होटल से बाहर आते ही अज्ञात आरोपियों ने उन्हें जबरन एक बोलेरो वाहन में बैठाकर जंगल में ले जाकर मारपीट की तथा परिजनों से फिरौती की माँग करने के लिए मजबूर किया गया।

सूचना मिलने पर डायल 100 पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए फरियादी को सुरक्षित मुक्त कराया गया, जबकि आरोपी मौके से फरार हो गए। थाना सरदारपुर में अपराध क्रमांक 234/2025 धारा 126, 127, 140, 308(5), 115(2), 351(3), 3(5) **BNS** के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध किया। 26.07.2025 को आरोपियोंज दिलीप पिता रमेश अजनार (उम्र 33 वर्ष), निवासी ग्राम मोरगांव, थाना अमझेरा, हाल मुकाम राजेन्द्र कॉलोनी, राजगढ़, धीरज पिता जगन्नाथ डावर (उम्र 34 वर्ष), निवासी पिपरनी, थाना राजगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है, तथा प्रकरण की विवेचना प्रगतिशील है। उपनिरीक्षकज नवलसिंह बघेल सहायक उपनिरीक्षकज जगदीश परिहार, प्रधान आरक्षकज88 आमीर अंसारी, 649 गज्जुलाल वसुनिया, 182 मोहनसिंह गामड, 473 सरदारसिंह, आरक्षकज 561 प्रताप डोडियार, 453 प्रियतम चौहान, 443 सुरेश, 180 राजेश मेहरा, 815 दिनेश सैनानी, 1024 मनोज मुजाल्दे, 1038 योगेश सोलंकी, 1122 प्रभुलाल, 1103 भारतसिंह भुरा.

हरियाली तीज का उत्सव मनाया

झाबुआ। श्रावण मास की तीज पर राजवाडा चौक के निकट स्थित श्री राधाकृष्ण सरकार मंदिर में आकर्षक श्रृंगार किया गया। वृंदावन धाम से ठाकुरजी की पोषक मंगवाई गई शाम होते ही बाल मुकुंदजी को सावण के झुले में विराजमान कर झुलनगीत तुलसी सेवा समिति की महिलाओ और भक्तों का देर रात तक दर्शन करने का सिलसिला जारी रहा। आयोजन में सेविका देविका बैरागी, निशा बैरागी, कविता बैरागी, पंखुरी बैरागी, मनीषा जोशी, कृष्णा सोनी, दिपा सोनी, कृष्णा तिवारी, दिपशिखा तिवारी, मंजुला सिसोदिया, सीमा सिसोदिया, भगवती देवी पडियार, सरिता बैरागी, अंजू सोनी, स्वीटी सोनी का सराहनीय सहयोग रहा।

महिलाओं का उत्सव

हरियाली तीज का उत्सव श्रावण मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है। यह उत्सव महिलाओं का उत्सव है। सावन में जब संपूर्ण प्रकृति हरी ओढ़नी से आच्छादित होती है, उस अवसर पर महिलाओं के मन मयूर नृत्य करने लगते हैं। वृक्ष की शाखाओं में झूले पड़ जाते हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश में इसे कजली तीज के रूप में मनाते हैं। सुहागन स्त्रियों के लिए यह व्रत बहुत महत्व रखता है। आस्था, उमंग, सौंदर्य और प्रेम का यह उत्सव शिव-पार्वती के पुनर्मिलन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। चारों और हरियाली होने के कारण इसे हरियाली तीज कहते हैं। इस अवसर पर महिलाएं झूला झूलती हैं, लोकगीत गाती हैं और आनंद मनाती हैं।

आज श्रावण का तीसरा सोमवार, शिवालयों में उमड़ेगा श्रद्धा का सैलाब

मां नर्मदा कावड यात्रा समिति देवझिरी से झाबुआ तक निकालेगी कावड़ यात्रा

नवभारत न्यूज

झाबुआ। आज श्रावण मास के तीसरे सोमवार को लेकर नगर सहित अंचल के शिवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। शिवालयों में प्रात:काल से ही जलाभिषेक व पूजा अर्चना के लिए भक्तों की लंबी कतारे देखने को मिलेगी। इस दौरान शिवालय परिसर बोल बम, हर हर महादेव, भोले शंभू भोलेनाथ आदि के जयकारे भी गुंजायमान होगे। शिवालयों में अपनी बारी आने पर श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक व पूजा अर्चना करेगे। श्रावण मास के तीसरे सोमवार को तड़के से ही शिवालयों में जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हो जायेगा। तीर्थ स्थलों पर भक्तों की भीड उमडेगी। नगर के शिवालयों में सवेरे से ही भक्तों का आना शुरू हो जाएगा, दिन चढ़ने के साथ ही भक्तों की भीड़ बढ़ेगी और भगवान भोलेनाथ की एक झलक पाने के लिए शिवालयों के परिसरों में लंबी लाइनें भी दिखाई देगी। भक्त लंबी लाइनों में लगकर अपनी बारी का इंतजार कर शिवलिंग पर जलाभिषेक भी करेगे। जलाभिषेक कर भक्त अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करने के लिए भी प्रार्थना करेगे।

देवझिरी तीर्थ पर उमडेगी भक्तों की भीड़- श्रावण सोमवार को सबसे अधिक भीड़ नगर से 6 किमी दूर प्राचीन तीर्थ स्थल देवझिरी स्थित श्री संकट मोचन महादेव मंदिर पर दिखाई देगी। यहां मंदिर परिसर में बने कुंड में गौमुख से नर्मदा की अनवरत धारा प्रवाहित होती है। तीर्थ स्थल देवझिरी में आने वाले कई भक्त कुंड में स्नान कर भगवान शिव की पूजा अर्चना करेगे। मंदिर में आसपास के गांवों से भी शिवभक्त जलाभिषेक को आयेगे। दिन चढने के साथ ही यहां मंदिर परिसर में भगवान के दर्शन के लिए महिलाओं और पुरुषों की लंबी कतारें लगेगी और कावड यात्रियों का भी जमावडा होगा। साथ ही अनास स्थित श्री पारदेश्वर महादेव एवं दुधेश्वर महादेव मंदिर पर भी भक्तों की भीड दिखाई देगी।

नगर में भी पूजा, अर्चना का चलेगा क्रम- नगर में श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर, श्री उमापति महादेव मंदिर, श्री गोपेश्वर महादेव मंदिर, श्री बडकेश्वर महादेव मंदिर, श्री रामेश्वर महादेव मंदिर, श्री स्फटिक महादेव मंदिर, श्री संकट मोचन महादेव मंदिर, श्री महाकालेश्वर महादेव मंदिर, श्री सर्वेश्वर महादेव मंदिर समेत सभी शिवालयों पर शिवभक्त जलाभिषेक कर भगवान शंकर की पूजा अर्चना कर आराधना करेगे। इस अवसर पर समूचा अंचल शिवमय दिखाई देगा।

देवझिरी से झाबुआ तक निकलेगी कावड यात्रा- तीसरे श्रावण सोमवार को देवझिरी से झाबुआ तक मां नर्मदा कावड यात्रा समिति द्वारा 6टी कावड यात्रा का आयोजन किया जायेगा। इस हेतु समिति के सदस्यों ने शहर के सनातनी परिवारों को कावड़ यात्रा में सम्मिलित होने हेतु घर-घर जाकर निमंत्रण दिया है। कावड यात्रा हेतु 28 जुलाई को सुबह 7 बजे सभी यात्री राजवाड़ा चौक पर एकत्रित होंगे। यहां से वाहन द्वारा देवझिरी तीर्थ पहुंचकर श्री संकट मोचन महादेवजी के दर्शन बाद कुंड से मां नर्मदा नदी का जल भरकर करीब 9 बजे यात्रा की शुरूआत करेगे। बैंडबाजों और भगवान भोलेनाथ के जयकारों के साथ कावड यात्रा ग्राम मोहनपुरा, गडवाड़ा से शहर के किशनपुरी, राजगढ़ नाका, डीआरपी लाईन से श्री गोपेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर कावड यात्री जलाभिषेक करेगे। बाद यहां से यात्रा आगे बढ़कर नेहरू मार्ग, महाकालिका माता मंदिर परिसर, श्री गौवर्धननाथ मंदिर तिराहा, राजवाड़ा होते हुए श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी जहां शिवालयों में भगवान का जलाभिषेक के साथ यात्रा का समापन होगा। यात्रा में शामिल सभी कावडियों के लिए फ्लाहार की व्यवस्था भी रहेगी।

नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत जेल में आयोजन

झाबुआ। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित नशे से दूरी है जरूरी जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत 27 जुलाई को जिला जेल झाबुआ में नशामुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक (अजाक) कमलेश शर्मा ने कैदियों को संबोधित करते हुए कहा कि अधिकांश अपराध दो कारणों से होते हैं, क्रोध और नशा। नशा व्यक्ति की सोचने-समझने की क्षमता को समाप्त कर देता है, जिससे वह सही-गलत में भेद नहीं कर पाता और अपराध की और बढ़ जाता है। उन्होंने कैदियों से आग्रह किया कि जेल से रिहा होने के बाद नशे से दूर रहकर एक सकारात्मक, शांतिपूर्ण व नशामुक्त जीवन व्यतीत करें।

कार्यक्रम में ब्रह्मकुमारी आश्रम और गायत्री परिवार के प्रतिनिधियों ने भी नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए अभियान की जानकारी दी। इस अवसर पर सभी कैदियों को नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई।

साथ ही, रक्षा सखी पुलिस टीम द्वारा ग्राम कुंदनपुर और जनजातीय सीनियर बालक छात्रावास कुंदनपुर में भी इसी उद्देश्य से नशामुक्ति कार्यक्रम आयोजित किए गए।

यह समग्र अभियान पुलिस अधीक्षक पद्म विलोचन शुक्ल के कुशल नेतृत्व एवं अति. पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया के मार्गदर्शन में जिलेभर में प्रभावी ढंग से संचालित किया जा रहा है।

जनसहभागिता को बढ़ाने हेतु नुक्कड़ नाटक, सोशल मीडिया प्रचार, बैनर, पंपलेट वितरण, लघु फिल्म, हस्ताक्षर अभियान, रंगोली, ड्राइंग एवं जन संवाद जैसे माध्यमों का उपयोग कर व्यापक स्तर पर नशामुक्ति का संदेश दिया जा रहा है।

धार जिले के 821 बूथ केंद्र पर सुनी पीएम मोदी की मन की बात

भाजपा जिला अध्यक्ष निलेश भारती और विधायक नीना वर्मा ने नगर मंडल के बूथ क्र .56 में बूथ भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सुनी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात, विचारों को सभी बूथों पर, पहुंचाएं भाजपा कार्यकर्ता-महंत निलेश भारती जिलाध्यक्ष भाजपा

धार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात का कार्यक्रम 27 जुलाई रविवार को 124 वें लाइव प्रसारण के माध्यम से राष्ट्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने अनुकरणीय विचारों के जन-जन तक, कार्यकर्ता सर्व समाज को एकत्रित करते हुए मोदी जी के विचारों को सुनी गई । भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती और धार विधायक नीना वर्मा ने च्मन की बातज कार्यक्रम को धार नगर मंडल के बूथ क्र.56 में बूथ कार्यकर्ताओं के साथ सुना

इस अवसर पर भाजपा नेता अनिल जैन बाबा भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विशाल निगम भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा मंडल महामंत्री अमित शर्मा और सीमा सोनी मंजुला बघेल सहित कार्यकर्ता उपस्थित उपस्थित थे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम, जिले के सभी 18 मंडलों के 821 बूथ केंद्र पर स्क्रीन टीवी लगाकर सर्व समाज को कार्यकर्ता जागरूक होकर के साथ सुनवाया।

भाजपा जिला अध्यक्ष निलेश भारती ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात, के विचार युवाओं किसानों गरीबों और मजदूर महिलाओं योग शिक्षा स्वच्छता एवं खेल तथा निर्धारित विषयों के साथ अपना मार्गदर्शन किया है।

उन्होंने कहा मोदी जी के इस कार्यक्रम के माध्यम से हर समाज में जागरूकता आई है।सभी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने बूथ पर सुबह 11 बजे बड़ी स्क्रीन लगाकर सर्व समाज के लोगों को एकत्रित करते हुए इस कार्यक्रम को प्रभावी रूप से संपन्न करते हुए मोदी जी के मन की बात के विचारों को लोगों सुनवाया । मोदी के विचारों के साथ हर समाज जागृत होकर आत्मनिर्भर बने।

कार्यक्रम के फोटो के उपरांत संगठन अप मोदी एप पर भेजे गए कार्यक्रम के जिला मंडल के मन की बात के प्रभारी, मंडल अध्यक्षों ने महत्वपूर्ण भूमिका के साथ कार्य किया।

विगत दो माह से धार जिला प्रदेश में नंबर वन आ रहा है हमे विश्वास है इस माह भी मन की बात कार्यक्रम में प्रदेश में अव्वल आएगा ।उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

जुआ-सट्टा कल्याण, मिलन, ओपन, क्लोज और रनिंग के नाम से चर्चित इस खेल में जिस प्रकार सब कुछ ओपन हो रहा है, युवा पीढ़ी उलझरही

सट्टे के खाईवालो को कानून का खौफ नहीं, एक के नौ के फेर में बर्बाद हो रहा नई पीढ़ी का जीवन

झाबुआ। कभी चोरी-छीपे चलने वाला सट्टा बाजार में आज कल कानून की ढीली पकड़ की वजह से शहर में सट्टा खाईवाल के संरक्षण में खुलेआम संचालित हो रहा। कल्याण, मिलन, ओपन, क्लोज और रनिंग के नाम से चर्चित इस खेल में जिस प्रकार सब कुछ ओपन हो रहा है और एक के नौ के फेर में युवा पीढ़ी उलझती जा रही है उससे यह प्रतीत होता है कि प्रमुख खाईवालो को कानून का कोई खौफ नहीं रह गया है।

पुलिस भी जानकर अंजान बन रही है। शहर में सट्टे के अवैध कारोबार के हाइटेक होने के बाद से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवाओं का इस और रूझान बढ़ा है। पुलिस का सट्टे पर कोई अंकुश नहीं है। दो से तीन खाइवाल मिलकर पूरे शहर में सट्टे का कारोबार चला रहे हैं। जिनकी लिंक अन्य राज्यों से जुड़ी हुई है। इन सबके बीच पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी हुई है। शहर पुलिस का सटोरियों के विरूद्ध कोई एक्शन न लेना कहीं न कहीं सवालियां निशान खड़ा करता है। वैसे भी पुलिस ने एक लंबे अर्से से सटोरियों के विरूद्ध कोई बड़ी कार्रवाई नहीं की है जिससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि सट्टे के कारोबार को चरमसीमा पर पहुंचाने में पुलिस की लचीली कार्य प्रणाली है।

इस बीच सूत्रों से यह खबर छनकर सामने आ रही है कि जिस तरह से शहर में हाइटेक सट्टे का संचालन किया जा रहा है, इसमें दो से तीन खाईवाल मिलकर दर्जनभर से अधिक जगहों पर ऑनलाइन, आफ्लाइन सट्टे को संचालित कर रहे हैं। शहर के बस स्टैंड, मेघनगर नाके, दिलीप गेट, लक्ष्मीबाई मार्ग, तेलीवाड़ा, राजगढ़ नाका, भंडारी पंप चौराहा, मंडी क्षेत्र आदि स्थानों पर यह सटोरिए आसानी से सट्टा लिखते हुए देखे जा सकते है।

यह सटोरिए जनता को नजर आते हैं लेकिन पुलिस को नही या पुलिस जानकर अंजान बनती है। ग्राहकों से ऑफ्लाइन पर्ची भी ली जा रही है। इधर सट्टे के नशे में युवा वर्ग तबाह हो रहा है। नई पीढ़ी भविष्य की चिंता करने की बजाय एक के 80 करने में किस्मत आजमाते हुए बर्बाद हो रही है। घरों में आर्थिक समस्याओं के उत्पन्न होने से क्लेश बढ़ रहे हैं। विवाद की स्थिति बन रही है। इस तरह सट्टे के अवैध कारोबार ने कई परिवारों का जीना मुहाल कर रखा है। इस अवैध कारोबार को रोकने की जिम्मेदारी जिन कंधों पर है वे ध्यान नहीं दे रहे हैं।

एक तरफडिजिटीलाइजेशन की बात कही जा रही है। वही दुसरी और पुलिस इन सट्टा संचालकों को पकड़ भी नहीं पा रही है। इनके सरगना पुलिस गिरफ्त से कोसों दूर है क्यों और क्या कारण है यह चिंतन का विषय है। जागरूकजनों का कहना है कि यदि पुलिस ने समय रहते सट्टे के कारोबार पर रोक नहीं लगाई तो नई पीढ़ी का जीवन पूरी तरह बर्बाद होने में देर नहीं लगेगी।

लंबे अर्से से नही मिली बड़ी सफ्लता

पुलिस को एक लंबे अर्से से सट्टे के मामले में कोई बड़ी सफ्लता नहीं मिली है। कभी-कभार छुटपुट पर्ची लिखने वालों को पकड़कर मुचलके पर छोड़ दिया जाता है। जबकी सट्टे का कारोबार सिर्फछुटपुट तक ही सीमित नहीं है। बड़े-बड़े रसूखदारों का इसमें बड़ी भूमिका है।

शहर में पुलिस द्वारा कागजी खानापूर्ति के लिए छोटे सट्टा संचालकों पर कभी कभार कारवाई की जाती है। इनके सरगना (सटोरियों) पर कार्रवाई न हो पाने के पीछे पुलिस की कमजोर कड़ी है। उसी कमजोरी का फ्यदा उठाकर सटोरिए धंधा चलाने के एवज में सटोरिए मालामाल हो रहे हैं। शहर पुलिस द्वारा सालाना आपराधिक रिकार्ड की यदि बात की जाए तो संभवत: सट्टे के मामले में गिने-चुने ही केस दर्ज किए गए होंगे।

सट्टे के इस अवैध कारोबार ने मध्यम वर्ग के युवाओं को सबसे ज्यादा प्रभावित किया है, जो कुछ पैसों से अधिक पैसे बनाने के लालच में आकर रोजाना अपनी थोड़ी बहुत जमा पूंजी भी सट्टे पर उड़ेल रहे हैं।

यहां तक की दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का पेट पालने वाला मजदूर भी रोज की कमाई का कुछ हिस्सा सट्टे में लगाकर अपने व परिवार के लिए मुसीबत खड़ी कर रहा है। क्या पुलिस विभाग बडे अधिकारी इन सटोरियों को लेकर कोई एक्शन लेगे या फिर युवा पीढ़ी एक के नौ के खेल में उलझती रहेगी ?